# Class 7 Maths Important Questions Hindi Medium Chapter 8 – परिमेय संख्याएँ

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
$\frac{36}{-24}$ का मानक रूप में बदलिये।
उत्तर:
36 और 24 का म.स. 12 है।
अतः मानक रूप अंश और हर को - 12 से भाग देने पर प्राप्त होगा।
अतः $\frac{36}{-24} = \frac{36 \div (-12)}{-24 \div (-12)} = \frac{-3}{2}$

प्रश्न 2.
निम्न प्रतिरूप में चार और संख्याएँ लिखिए-
$\frac{-1}{3}, \frac{-2}{6}, \frac{-3}{9}, \frac{-4}{12}$
उत्तर:
$\frac{-5}{15}, \frac{-6}{18}, \frac{-7}{21}, \frac{-8}{24}$

प्रश्न 3.
$\left(\frac{11}{5} + \frac{9}{5}\right)$ को सरल कीजिए।
उत्तर:
$\left(\frac{11}{5} + \frac{9}{5}\right) = \frac{11+9}{5} = \frac{20}{5} = 4$

प्रश्न 4.
$\frac{-4}{9}$ में से $\frac{-7}{9}$ को घटाइए।
उत्तर:
$\left(\frac{-4}{9}\right) - \left(\frac{7}{9}\right) = \frac{-4-7}{9} = \frac{-11}{9}$

evidyarthi

evidyarthi



https://www.evidyarthi.in/

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
- 2 और - 1 के बीच में तीन परिमेय संख्याएँ लिखिए।
हल:

इस प्रकार $-1 = \frac{-5}{5}$ और $-2 = \frac{-10}{5}$ है।

अत: $\frac{-10}{5} < \frac{-9}{5} < \frac{-8}{5} < \frac{-7}{5} < \frac{-6}{5} < \frac{-5}{5}$

है, या $-2 < \frac{-9}{5} < \frac{-8}{5} < \frac{-7}{5} < \frac{-6}{5} < -1$ है।

अत: – 2 और – 1 के बीच तीन परिमेय संख्याएँ

$\frac{-9}{5}, \frac{-8}{5}, \frac{-7}{5}$ होंगी। **उत्तर**

प्रश्न 2.
रोहन किसी स्थान P से पूर्व दिशा में $\frac{2}{3}$ km चलता है और फिर वहाँ से पश्चिम दिशा में $1\frac{5}{7}$ km चलता है। अब वह P से कहाँ स्थित होगा?
हल:
हम पूर्व दिशा में चली. गई. दूरी को धनात्मक चिह्न से व्यक्त करेंगे। इसलिए, पश्चिम दिशा में चली गई दूरी को ऋणात्मक चिह्न से व्यक्त किया जाएगा।
इस प्रकार, बिन्दु P से रोहन की दूरी (km में) होगी:

$$\frac{2}{3} + \left(-1\frac{5}{7}\right) = \frac{2}{3} + \frac{(-12)}{7}$$

$$= \frac{2\times7}{3\times7} + \frac{(-12)\times3}{7\times3}$$

$$= \frac{14-36}{21} = \frac{-22}{21} = -1\frac{1}{21}$$

चूँकि यह ऋणात्मक दूरी है, इसलिए रोहन P से | पश्चिम की ओर $1\frac{1}{21}$ km की दूरी पर है।

https://www.evidyarthi.in/